SELF FINANCE COLLEGE FEDERATION
स्ववित्तपोषित महाविद्यालय संघ (पंजीकृत)
Regd. Under The Indian Trust Act 1982 of the Government of India & Govt. of U.P.
Regd. in Niti Ayog (NGO Darpan) Govt. of India
Regd. Office : 36, S.D.M. Court, Opp. Street No. 3, Sikandrabad, Distt. Bulandshahr-203205 (U.P.)

Ref. No:-2025/06/SFCF/109 **Date:-** 24.06.2025

सेवा में,

माननीय कुलपति जी,

चौधरी चरण सिंह विवि0, मेरठ।

विषय :– प्रवेश पंजीकरण की तिथि विस्तारित कराये जाने के सन्दर्भ में।

महोदया,

आप जैसा की अवगत होंगे ही की वर्तमान में विवि0 की स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया के लिए पंजीकरण कराये जा रहे है। इस वर्ष से प्रवेश पंजीकरण में समर्थ पोर्टल के माध्यम से जो प्रक्रिया लागू की गयी है उससे प्रवेश पंजीकरण उस स्थिति में नहीं है की उनसे संस्थानों में प्रवेश किये जा सके। **13 मई 2025 से प्रारम्भ प्रवेश पंजीकरण में आज तक भी सीटों के सापेक्ष प्रवेश पंजीकरण नहीं होने से स्पष्ट है की संस्थानों में सीटे नहीं भरेंगी जिसका स्ववित्तपोषित संस्थानों के कार्मिको पर इसका सीधा असर होगा क्योकि प्रवेश ही एकमात्र संसाधन है जिससे स्ववित्तपोषित संस्थानों में वित्तीय व्यवस्थाओ को संचालित किया जाता है।** विवि0 द्वारा प्रवेश से संबंधित कोई भी प्रचार प्रसार किसी मिडिया में नहीं किया जबकि प्रदेश के अन्य विवि0 इस दिशा में सजग है और मुख्य अखबारों में विज्ञापन देकर प्रवेश की जानकारी दे रहे है।

स्ववित्तपोषित संस्थानों में जिस प्रकार से इस वर्ष प्रवेश की स्थिति है और अभी तक बेहद कम पंजीकरण हुए है उससे किसी भी दशा में संस्थानों को बिना प्रवेश के निर्बाध चलाना संभव ही नहीं होगा। प्रवेश नहीं होने से केवल संस्थान ही प्रभावित होंगे ऐसा नहीं है इससे विवि0 भी प्रभावित होगा क्योकि जब छात्र ही संस्थानों में नहीं होंगे तो विवि0 आर्थिक और प्रशासनिक रूप से आगामी भविष्य में अस्थिर होता नजर आएगा।

अतः आपसे अनुरोध है की संस्थानों के भविष्य को देखते हुए कृपया प्रवेश पंजीकरण की तिथि को विस्तारित करने का कष्ट करे।

आदर सहित।

प्रतिलिपि :–

1 – **प्रवेश समन्वयक,** चौधरी चरण सिंह विवि0, मेरठ।

प्रो0 (डॉ0) आनन्द सिंह
वरिष्ठ राष्ट्रीय महासचिव

पत्र फेडरेशन की अधिकृत वेबसाइट www.sfcf.in पर SFCF Desk भी अपलोड है। पत्र आधिकारिक पुष्टि वेबसाइट से की जा सकती है।

Website : www.sfcf.in I Email : sfcf2023@gmail.com I Mob. 8954-89-1289, 9997-70-8995

Scanned with OKEN Scanner